दिनांक : 19/03/2026 समय :7.10एएम

आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :-

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज अयोध्या में रामलला के दर्शन और आरती में शामिल होंगी।
- राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कल प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात कर प्रदेश की प्रगति पर चर्चा की।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज इंदौर से जल गंगा संवर्धन अभियान के तीसरे चरण का शुभारंभ करेंगे।
- आज से नवरात्रि और हिंदू नववर्ष का उत्साह शुरू; देवी मंदिरों में उमड़ रहा भक्तों का सैलाब।

राष्ट्रपति- अयोध्या दौरा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज अयोध्या का दौरा करेंगी। वह उत्तर प्रदेश के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। राष्ट्रपति सबसे पहले अयोध्या पहुंचेंगी और श्री राम जन्मभूमि मंदिर में दर्शन करेंगी। वह मंदिर परिसर के विभिन्न स्थानों पर दर्शन और आरती में भाग लेंगी तथा श्री राम यंत्र स्थापना कार्यक्रम में शामिल होंगी। इसके बाद वे मथुरा, वृंदावन के लिए रवाना होंगी।

राज्यपाल-पीएम भेंट

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कल संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री को श्रीलंका से लाए गए 'पवित्र बौद्ध अवशेषों' की वापसी यात्रा की जानकारी दी और स्मृति स्वरूप भगवान बुद्ध की प्रतिमा भेंट की। राज्यपाल ने अपनी यात्रा पर आधारित पुस्तक 'बुद्ध धरोहर की सांस्कृतिक यात्रा' भी प्रधानमंत्री को सौंपी। भेंट के दौरान उन्होंने प्रदेश में हो रहे विकास कार्यों और राज्य की प्रगति के विभिन्न आयामों पर विस्तृत चर्चा की।

कवि सम्मेलन-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल भोपाल में आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को नई ऊंचाई देने के लिए भोपाल से ओरछा तक जल्द ही हेलीकॉप्टर सेवा शुरू करने की घोषणा की।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कवि सम्मेलन हमारी समृद्ध काव्य परंपराओं के जीवंत संवाहक हैं। उन्होंने कार्यक्रम में पधारे डॉ. कुमार विश्वास सहित देश के प्रख्यात कवियों का स्वागत किया।

केन्द्रीय कैबिनेट बैठक

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में कल हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। सरकार ने 33,660 करोड़ रुपये के बजट के साथ 'भारत औद्योगिक विकास योजनादृ भव्य' को मंजूरी दी है। इसके तहत देशभर में 100 'प्लग-एंड-प्ले' औद्योगिक पार्क विकसित किए जाएंगे, जिससे विनिर्माण क्षमता में अभूतपूर्व वृद्धि होगी। इसके साथ ही, कैबिनेट ने वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक के लिए लघु जल विद्युत विकास योजना को भी स्वीकृति दी है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जानकारी साझा की ..

एलपीजी

सरकार ने पश्चिम एशिया में मौजूदा स्थिति को देखते हुए राज्यों में वाणिज्यिक एलपीजी के आवंटन को 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 30 प्रतिशत करने का आह्वान किया है। सरकार ने आश्वासन दिया है कि कच्चे तेल की उपलब्धता सामान्य है और तेल शोधक संयंत्र पूरी क्षमता से काम कर रहे हैं। नई दिल्ली में पश्चिम एशिया के घटनाक्रम पर अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ता में कल पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को व्यावसायिक एलपीजी का अतिरिक्त 10 प्रतिशत आवंटन दिया है।

'जल गंगा संवर्धन अभियान'

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज इंदौर से राज्य स्तरीय 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के तीसरे चरण का शुभारंभ करेंगे। यह अभियान आगामी 30 जून तक चलेगा। इस वर्ष सरकार ने करीब 2500 करोड़ रुपये की लागत से जल संरचनाओं के पुनरुद्धार और नए निर्माण का लक्ष्य रखा है। अभियान के तहत प्रदेश भर में 10 हजार से अधिक चेक डैम और स्टॉप डैम की मरम्मत की जाएगी। इस अभियान में राज्य शासन के 18 विभाग मिलकर काम करेंगे।

नवरात्रि

चैत्र नवरात्रि का पावन पर्व आज से पूरे उत्साह के साथ शुरू हो गया है। प्रदेश के शक्तिपीठों और देवी मंदिरों में तड़के से ही भक्तों का तांता लगा हुआ है। आगर-मालवा जिले के माँ बगलामुखी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए हैं। उधर, सतना जिले के मैहर स्थित माँ शारदा मंदिर में भी उमड़ने वाली भीड़ के मद्देनजर सुरक्षा और प्रबंधन की कड़ी व्यवस्था की गई है।

'विक्रमोत्सव'-प्रदेश

आज चैत्र प्रतिपदा और गुड़ी पड़वा के पावन पर्व पर प्रदेशभर में 'विक्रमोत्सव' का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर सामूहिक सूर्य उपासना और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन का आह्वान करेंगे। मुख्यमंत्री स्वयं भोपाल के रवीन्द्र भवन में आयोजित मुख्य समारोह में सम्मिलित होंगे। इस दौरान सम्राट विक्रमादित्य की शौर्य गाथा पहुँचाने के लिए सभी जिलों में विशेष 'सम्राट विक्रमादित्य' नाट्य की प्रस्तुति दी जाएगी। विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ग्वालियर में, जबकि उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा

और राजेन्द्र शुक्ल क्रमशः मंदसौर और रीवा के कार्यक्रमों का नेतृत्व करेंगे। अशोकनगर और नर्मदापुरम सहित प्रदेश के सभी जिलों में क्षेत्रीय कार्यक्रमों का आयोजना किया जाएगा।

नेशनल डिफेंस कॉलेज-प्रतिनिधिमंडल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से कल शाम भोपाल में नेशनल डिफेंस कॉलेज के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य भेंट की। मेजर जनरल पवनपाल सिंह के नेतृत्व में आए इस दल में फ्रांस, यूएई, भूटान, नेपाल और म्यांमार के ट्रेनी ऑफिसर्स शामिल हैं।मुख्यमंत्री ने विदेशी अधिकारियों का स्वागत करते हुए मध्यप्रदेश को 'टाइगर स्टेट' और अद्वितीय प्राकृतिक धरोहरों वाला प्रदेश बताया। उन्होंने दल को जानकारी दी कि राज्य में बेरोजगारी दर 2 प्रतिशत से भी कम है और आगामी सिंहस्थ-2028 के लिए तैयारियां युद्ध स्तर पर जारी हैं। यह 16 सदस्यीय दल आज भोपाल के ग्रामीण क्षेत्रों सहित उज्जैन और इंदौर के प्रवास पर रहेगा।

शिशु मृत्यु दर-संयुक्त राष्ट्र

संयुक्त राष्ट्र के अंतर-एजेंसी समूह की 2025 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में नवजात मृत्यु दर में लगभग 70 प्रतिशत की गिरावट आई है, जो 1990 में प्रति 1,000 जीवित जन्मों पर 57 मौतों से घटकर 2024 में 17 रह गई है। यह मातृ एवं नवजात शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में निरंतर सुधार को दर्शाता है। इसी तरह, पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु दर में और भी अधिक 79 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है, जो 1990 में 127 से घटकर 2024 में 27 रह गई है।

ईशान किशन-कप्तान

ईशान किशन, इंडियन प्रीमियर लीग-आई.पी.एल. के शुरुआती कुछ मैचों में सनराइजर्स हैदराबाद की कप्तानी करेंगे। अभिषेक शर्मा किशन के उप-कप्तान रहेंगे। पैट कमिंस पीठ की चोट से पूरी तरह उबर नहीं पाए हैं। नियमित कप्तान कमिंस पूरी तरह फिट होने के बाद सनराइजर्स हैदराबाद की कप्तानी संभालेंगे। सनराइजर्स हैदराबाद का पहला मैच मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में 28 तारीख को होगा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :-

- पन्ना में कृषि विज्ञान केन्द्र परिसर में कल जिला स्तरीय किसान मेला सह प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया
- मंदसौर जिले में एचपीवी वैक्सीनेशन जागरूकता रथ के माध्यम से सीतामऊ और डिगावमाली में विशेष अभियान चलाया गया
- आगरमालवा में आज प्राचीन शकर कुइयां की साफ-सफाई एवं जीर्णोद्धार हेतु सामूहिक श्रमदान कार्यक्रम के साथ जलगंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ होगा।
- मैहर मां शारदा देवी मंदिर में चैत्र नवरात्रि के चलते 19 मार्च से 27 मार्च तक व्हीआईपी दर्शन पर पूर्णतः प्रतिबंध, रहेगा।

- पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल में प्रमुख मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक अरविंद कुमार रजक ने कल रानी कमलापति स्टेशन एवं नवनिर्मित मण्डल नियंत्रण कार्यालय का निरीक्षण किया।
- सागर, जिले में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिये एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान के तहत कल 1197 बालिकाओं को निःशुल्क टीका लगाया गया
- डिंडोरी कलेक्ट्रेट ऑडिटोरियम हॉल में कल जनगणना कार्य के लिये एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

-------------